# मेहनत, उद्यम के पंखों से युवाओं ने भरी कामयाबी की उड़ान

संवाद न्यूज एजेंसी

## फूड एक्सपो : लीक से हटकर काम करने की चाह ने बना दिया सफल उद्यमी

लखनऊ। उद्योग के क्षेत्र में हाथ आजमाना मध्यमवर्गीय परिवार के युवाओं के लिए आसान नहीं होता, लेकिन मेहनत और लीक से हटकर कुछ करने की चाह से कामयाबी हासिल की जा सकती है। ऐसे सफल युवाओं को करीब से जानने का मौका मिला आईआईए परिसर में लगे फूड एक्सपो के दूसरे दिन शनिवार को। पेश है इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के फूड एक्सपो में आएढ युवा उद्यमियों से खास बातचीत।

### पिता से सीखा काम, अब बना रहे अपना मुकाम



कानपुर के अफजल खान चॉकलेट के अलग-अलग उत्पाद बनाने वाली मशीन बनाते और बेचते हैं। उनके पिता छोटी मशीनें बनाकर बेचते थे। उनसे ही यह काम सीखा। वर्ष 2013 में चीन जाने का मौका मिला तो वहां इन मशीनों की और जानकारी हासिल की। वापस आकर अपना काम शुरू किया। धीरे-धीरे पहचान बनी और कई व्यापारियों ने इसमें दिलचस्पी दिखाई। आज विदेशों तक की चॉकलेट कंपनियों में हमारी मशीनों से काम किया जाता है।

### शुरू में करनी पड़ी मशक्कत, अब काम में तेजी



पिता के जनरल स्टोर पर उनकी मदद करने वाले कानपुर के सुभाष आहूजा को बड़ा उद्यमी बनना था। वर्ष 1996 में छह लाख रुपये का कर्ज लेकर केक सजाने की सामग्री बनाने का काम शुरू किया। वह बताते हैं कि शुरू में काफी मशक्कत करनी पड़ी। धीरे-धीरे बड़े शहरों के व्यापारियों से संपर्क कर काम को गति दी। आज कंपनी का एक एप है, जिससे देशभर के ग्राहक जुड़ रहे हैं। इसके अलावा कानपुर में भी बड़ा स्टोर है। केक सजाने की सामग्री के साथ हम हैंडमेड गिफ्ट पेपर का भी काम करते हैं।



### सेहत, वातावरण के लिए मुफीद गन्ने के वेस्ट की क्रॉकरी

लखनऊ के उद्यमी आशीष कुमार पैकेजिंग और प्लेट व कप आदि बनाते हैं। बताया कि उनकी कंपनी के सभी उत्पाद इको फ्रेंडली होते हैं। ज्यादातर पेपर के बने उत्पाद हैं। हालांकि, अभी सबसे अधिक मांग गन्ने के वेस्ट से बनी क्रॉकरी की है। यह सामान्य के मुकाबले अधिक फायदेमंद है।

## उद्यमियों की समस्याओं व काम से जुड़े प्रस्ताव पेश

### आईआईए के फूड एक्सपो के दूसरे दिन सेमिनार का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के फूड एक्सपो में दूसरे दिन शनिवार को सेमिनार हुआ। इसमें युगांडा की उच्चायुक्त प्रो. जॉयस कीकाफंडा मुख्य अतिथि थीं। उद्घाटन कृषि उत्पादन के आयुक्त आईएएस मनोज कुमार सिंह ने किया। इस दौरान आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने उद्यमियों की समस्याओं और काम से जुड़े कई प्रस्ताव पेश किए।

उन्होंने कहा, आईआईए की अपील पर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान बड़ी संख्या में उद्यमियों ने निवेश के लिए एमओयू किए, लेकिन उद्योग स्थापित करने के लिए कागजी कार्रवाई में देरी हो रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उद्योग हेल्थ कार्ड योजना, सीनियर एक्सपर्ट सर्विसेज तथा एमएसएमई को इंडस्ट्री 4.0 के लिए तैयार करने की योजना के बारे में विस्तार से बताया। कृषि उत्पादन आयुक्त के सामने लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने का प्रस्ताव दिया।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने बताया कि कागजी प्रक्रिया लगातार चल रही है और बचे प्रस्तावों को भी जल्द निस्तारित कर दिया जाएगा। उद्यमियों को कोई परेशानी न हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। युगांडा की उच्चायुक्त ने दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत बनाने की बात कही। मौके पर दिनेश गोयल, आलोक अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।